# <u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 15/11/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।
कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 14.11.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. थाना ज़मानियाँ पुलिस टीम द्वारा शातिर वांछित गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर व 01अदद खोखा कारतूस 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।</u>**

दिनांक 14.11.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जमानिया में पंजीकृत मुक़दमा 412/2025 में पुलिस टीम पर फायरिंग कर मौके से फरार बदमाश की गिरफ्तारी के संबंध में जनपद में विभिन्न स्थानों मे छापेमारी जनपद गाजीपुर पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी | इसी क्रम में गिरफ़्तारी के सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक ज़मानियाँ मय टीम बरुईन दिलदारनगर मार्ग पर भ्रमणशील थे कि एक मोटरसाइकिल सवार बिना नंबर प्लेट ज़मानियाँ की तरफ जाता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल तेजी से जमानिया की तरफ भागने लगा| प्रभारी निरीक्षक ज़मानियाँ द्वारा जरिये दूरभाष सेकेंड मोबाइल सूचना देते हुए उक्त व्यक्ति की घेराबंदी कर गिरफ़्तारी का प्रयास किया गया | उक्त सूचना को सही मानते हुए उक्त वाहन को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई | नहर पुलिया दिलाचवर मोड़ के पास सामने से खुद को घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नियत से देशी तमंचे से 01 राउंड फायर किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा फायर किया गया तो बदमाश के दाहिने पैरो में गोली लगी घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु CHC ज़मानियाँ भेजा जा रहा है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार /घायल अभियुक्त का नाम पता-**

1 सभाजीत उर्फ़ शालू यादव पुत्र रामफेर यादव ग्राम लछी रामपुर मिर्ज़ापुर थाना बहरियाबाद जनपद गाज़ीपुर(घायल अभियुक्त)

**बरामदगी -**

1. 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर
2. 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार /घायल अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 120/2023 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधि. व 11 पशु क्रूता अधि. थाना मेहनाज़पुर आजमगढ़
2. मु0अ0सं0 77/ 25धारा 3/5A/8 /5 गोवध निवारण अधिनियम 109(1) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहरियाबाद जनपद गाज़ीपुर
3. मु0अ0सं0412/ 25 धारा 3/5A/8 /5 गोवध निवारण अधिनियम 109(1) BNS थाना ज़मानियाँ जनपद गाज़ीपुर

**02. थाना रामपुर माँझा पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से जुआ खेलने वाले 02 नफर अभियुक्तों को चौबीस लाख पच्चीस हजार रुपये व 02 अदद अवैध तमंचे के साथ किया गया गिरफ्तार।**

अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.11.2025 को थाना रामपुरमांझा पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से रूपयों का जुआ खेलने वाले अभियुक्तगण 01. विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व0 अमर नाथ शर्मा निवासी एस 8/388 सुधाकर रोड खजुरी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी 02. हनुमान प्रसाद चौरसिया पुत्र मुकुन्द लाल चौरसिया निवासी एस 9/165 नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को बुढ़ऊ बाबा मंदिर के समीप बन्दशुदा विद्यालय ग्राम चकेरी थाना रामपुर मांझा जनपद गाजीपुर से अवैध 24,25000/- (चौबीस लाख पच्चीस हजार रूपये/-) व 2 पैकेट ताश के पत्ते, 01 अदद गमछा व जामा तलाशी से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद मोबाईल व 1594/- रू0 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 120/2025 धारा 3/4 जुआ अधिनियम व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता–**

01. विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व0 अमर नाथ शर्मा निवासी एस 8/388 सुधाकर रोड खजुरी थाना लालपुर पाणेडयपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 42 वर्ष

02. हनुमान प्रसाद चौरसिया पुत्र मुकुन्द लाल चौरसिया निवासी एस 9/165 नई बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 40 वर्ष

**बरामदगी-**

माल फड़ से रु0 24,25000/- (चौबीस लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र), 2 पैकेट ताश के पत्ते, 01 अदद गमछा, 02 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद मोबाईल व 1594/- रू0

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**